# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार

## वार्षिक प्रतिवेदन

## पारितोषिक वितरण समारोह

दिनांक 17 अप्रैल 2023

2022–23

मुख्य अतिथि

डॉ. कमल गुप्ता

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

हरियाणा सरकार

प्रस्तुति :–

डॉ. दीपमाला लोहान, प्राचार्या

राजकीय महाविद्यालय हिसार

आज के इस पुनीत अवसर पर मैं आप सभी को अवगत कराना चाहती हूँ कि हरियाणा राज्य की इस गौरवशाली एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था की शुरूआत वर्ष 1950 में हुई। राजकीय महाविद्यालय अपने अतीत की प्रतिष्ठा को निरन्तर बनाए रखने और नए आयाम स्थापित करने की ओर निरन्तर प्रयासरत हैः–

- ❖ राजकीय महाविद्यालय, हिसार को (NAAC) के तृतीय चक्र के मूल्यांकन में 'B+' ग्रेड प्राप्त है।
- ❖ **प्रवेश संख्या :–** सत्र 2022–23 में महाविद्यालय में 3463 छात्राओं व 2351 छात्रों सहित कुल लगभग 5814 विद्यार्थियों को विज्ञान, कला, वाणिज्य, बायोटेक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के साथ–साथ अंग्रेजी, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य आदि विषयों में ऑनर्स की शिक्षा भी दी जा रही है। इस समय महाविद्यालय में लगभग 130 नियमित व 39 विस्तार प्राध्यापक/प्राध्यापिकाएँ कार्यरत हैं।
- ❖ **पुस्तकालय :–** पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषयों के साथ–साथ ही समसामयिक विषयों सहित, इस समय हमारे महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुल 65229 पुस्तकें हैं। 9009 पुस्तकें 'बुक बैंक' में विद्यार्थियों के लिए संग्रहित हैं। पुस्तकालय में प्रतिदिन 12 राष्ट्रीय समाचार पत्र तथा 21 पत्रिकाएँ नियमित रूप से पाठकों को उपलब्ध करवाई जाती हैं। हमारे पुस्तकालय में 'स्वयं चयन करो और पढ़ो' की व्यवस्था भी है।
- ❖ **महाविद्यालय पत्रिका :–** महाविद्यालय में **The Morning Star** पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों व शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के लिए साहित्य सृजन एवं आत्म अभिव्यक्ति मंच की व्यवस्था की गई है। पूरे वर्ष हुई महाविद्यालय की गतिविधियों का लेखा जोखा भी इस पत्रिका के माध्यम से सभी हितधारकों तक पहुंचाया जाता है। वर्तमान में डॉ. सुरेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी इसके मुख्य सम्पादक हैं। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी अनुभाग की सम्पादिका श्रीमती दीपिका रानी एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी, प्लानिंग फोरम के सम्पादक डॉ. रामचन्द्र, एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र, हिन्दी अनुभाग की सम्पादिका डॉ. जीतबाला, एसिस्टेट. प्रोफेसर हिन्दी, विज्ञान अनुभाग की सम्पादिका डॉ. मालविका कादयान है। श्री कपिल, एसिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य, वाणिज्य अनुभाग के सम्पादक हैं। डॉ. कुसुम, एसोसिएट प्रोफेसर जनसंचार फोटो अनुभाग की सम्पादिका हैं जबकि डॉ. मुकेश कुमार, संस्कृत अनुभाग के सम्पादक हैं।
- ❖ **परीक्षा परिणामः–** अपनी शानदार परम्पराओं को कायम रखते हुए विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय की पास प्रतिशत बहुत अच्छी रही है। हमारे मेधावी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय मैरिट सूची में अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की और महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा को संजोय रखा है।

### ❖ आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

- ➢ महाविद्यालय में 'आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ' की स्थापना की गई है जिसके संयोजक डॉ. सुरेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी हैं। यह प्रकोष्ठ शैक्षणिक व्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में सचेत, सुसंगत और उत्प्रेरक सुधार के लिए एक प्रणाली विकसित करने के लिए प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त यह काम के साथ गुणवता मानक स्थापित करता है तथा शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सीखने के लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए मापदंड निर्धारित करता है। इसी कड़ी में महाविद्यालय का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा तृतीय चक्र के अन्तर्गत मूल्यांकन किया गया जिसमें उसे B+ ग्रेड प्रदान किया गया। महाविद्यालय द्वारा (NAAC) के निर्देशानुसार अब तक की सभी AQAR जमा कर दी गई हैं। प्रकोष्ठ द्वारा समय–समय पर विभिन्न प्राध्यापकों के API का सत्यापन किया जाता है। निदेशालय के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुरूप 15 प्राध्यापकों के प्रोफेसर के मामले पदोन्नति हेतु भेजे जा चुके हैं।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ:–

- सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र बाजिया एसोसिएट प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग हैं। प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 15 अगस्त 2022 को स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। प्राचार्या द्वारा अमर शहीदों के बलिदान को याद किया गया एवं विद्यार्थियों को परिश्रम द्वारा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।
- दिनांक 07 सितम्बर 2022 को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु ओरियटेंशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय की समस्त जानकारी प्रदान की गई एवं उन्हें महाविद्यालय के नियमों से अवगत करवाया गया।
- दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि डॉ. वंदना बिश्नोई, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय, मंगाली रहीं। इस कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, नाटक, साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियागिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। प्रथम रहे विजेता प्रतिभागी को रूपये 500, द्वितीय को रूपये 300 एवं तृतीय को रूपये 200 के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **विश्वविद्यालय युवा महोत्सव**:– दिनांक 29 नवम्बर से 02 दिसम्बर 2022 तक गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में 10वें युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय, हिसार ने 46 में से 44 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। आठ प्रतियोगिताओं में हमारे विद्यार्थी प्रथम स्थान पर रहे एवं 9 प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान अर्जित किया एवं महाविद्यालय में Over all Runner UP Trophy हासिल की। इस उपलब्धि के लिए Dean सांस्कृतिक गतिविधियाँ, डॉ. सुरेन्द्र बाजिया, Co-Dean डॉ. शशी बाला एवं समस्त टीम को बधाई।

## ❖ खेलकूद गतिविधियाँ :–

महाविद्यालय की सत्र 2022–23 में 36 टीमों ने अन्तर्महाविद्यालय तथा अन्तर्महाविद्यालय राज्य चैम्पियनशीप में भाग लिया।

### ➢ आयोजन

राजकीय महाविद्यालय, हिसार के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अन्तर्महाविद्यालय वालीबाल (पुरूष / महिला) तथा हैण्डबाल (पुरूष / महिला) चैम्पियनशीप का आयोजन किया गया।

### ➢ विश्वविद्यालय में महाविद्यालय की टीम उपलब्धियाँ :–

राजकीय महाविद्यालय हिसार की वालीबाल पुरूष व महिला वर्ग, एथलेटिक्स महिला वर्ग, तीर अन्दाजी महिला वर्ग तथा क्रॉस कन्ट्री महिला वर्ग की टीमों ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इन खेलों में चैम्पियनशीप प्राप्त की।

राजकीय महाविद्यालय हिसार की कबड्डी (हरियाणा स्टाईल) पुरूष वर्ग, हैण्डबाल (पुरूष वर्ग), बास्केट बाल (महिला वर्ग), योग (महिला वर्ग), चैस (पुरूष वर्ग) में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा हैण्डबाल (महिला वर्ग) की टीम ने अन्त महाविद्यालय स्टेट चैम्पियनशीप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की फुटबाल टीम (पुरूष वर्ग), क्रॉस कन्ट्री (पुरूष वर्ग) तथा कबड्डी (नेशनल पुरूष वर्ग) में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## ❖ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धिया :–

प्रिया बी.ए. द्वितीय वर्ष, गौरव बी.ए. द्वितीय वर्ष ने 16 वीं एशियन जूनियर महिला हैण्डबाल चैम्पियनशीप में भारत का प्रतिनिधित्व किया जोकि स्लोबिनिया में हुई। इन्ही छात्राओं ने Invitation cup हैण्डबाल चैम्पियनशीप जोकि कजाकिस्तान में आयोजित हुआ उसमें स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा भारत का नाम रोशन किया।

## ❖ नॉर्थ जान अन्तर्विश्वविद्यालय/अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय/नेशनल स्तर पर :–

- भावना बी.ए. तृतीय ने अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय तीर अन्दाजी में रजत पदक प्राप्त किया।
- मोनू बी.ए. द्वितीय, माया बी.ए. द्वितीय, कृतिका बी.ए. तृतीय और निधि बी.ए. प्रथम वर्ष ने जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- मोहित बी.काम द्वितीय वर्ष ने अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय योग चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- उजाला बी.ए. तृतीय ने जूनियर नेशनल क्रॅास कन्ट्री चैम्पियनशीप में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- नीरज बी.ए. तृतीय वर्ष ने अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय बुशू चैम्पियनशीप में रजत पदक प्राप्त किया।
- दीपांशु बी.ए. द्वितीय वर्ष ने अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय चैस चैम्पियनशीप में भाग लिया।
- अकुंश बी.ए. द्वितीय वर्ष, राजू बी.ए. द्वितीय वर्ष, मोनिका बी.ए. द्वितीय वर्ष व नीरज बी.ए. तृतीय वर्ष ने वुशू टीम का गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार का अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय में प्रतिनिधित्व किया तथा राजू व नीरज ने रजत पदक प्राप्त किया।
- आरूशी सैनी बी.एस.सी. प्रथम वर्ष ने अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय कराटे में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- रवीना बी.ए. तृतीय, नीरज बी.ए. प्रथम वर्ष और दिक्षु बी.ए. प्रथम वर्ष ने अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय तीर अन्दाजी चैम्पियनशीप में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- अरूण एम.ए. द्वितीय वर्ष ने अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय चैम्पियनशीप वुशू में कांस्य पदक प्राप्त किया इसके अतिरिक्त पैनकक सिलाट, अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय में भी कांस्य पदक प्राप्त किया।
- मनीषा बी.ए. द्वितीय वर्ष ने खेलो इण्डिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- प्रिया, गौरव, मोनिका, प्रीति, तन्नू, सजंना, कुसुम, पूजा, नमिता और सविता महाविद्यालय की हैण्डबाल खिलाड़ियों ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की हैण्डबाल चैम्पियनशीप में कांस्य पदक दिलाया।
- नीरज बी.ए. तृतीय वर्ष अन्तर्महाविद्यालय राज्य बॉक्सिग चैम्पियनशीप में रजत पदक प्राप्त किया।
- आरती बी.ए. द्वितीय वर्ष, प्रियंका बी.ए. प्रथम वर्ष, कामनी बी.ए. द्वितीय वर्ष और अन्नू बी.ए. तृतीय वर्ष ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार को अन्तर्विश्वविद्यालय वालीबाल चैम्पियनशीप में प्रतिनिधित्व किया।
- शुभम बी.एस.सी. तृतीय वर्ष, अमन बी.ए. द्वितीय वर्ष, अमित बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, अमित कुमार बी.ए. द्वितीय वर्ष और रोबिन द्वितीय वर्ष ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार का अन्तर्विश्वविद्यालय वालीबाल चैम्पियनशीप में प्रतिनिधित्व किया।
- गौतम बी.ए. तृतीय वर्ष, हैप्पी बी.ए. द्वितीय वर्ष, मनीष बी.काम द्वितीय वर्ष, जलजीत बी.ए. तृतीय वर्ष, हिमांशू एम.सी. प्रथम वर्ष ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार का अखिल भारतीय हैण्डबाल (पुरूष) चैम्पियनशीप में प्रतिनिधित्व किया।
- मधू बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष पूनम, एम.ए. प्रथम वर्ष ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार का अखिल भारतीय योग (महिला) चैम्पियनशीप में प्रतिनिधित्व किया।

- वर्षा बी.ए. द्वितीय वर्ष व कृष्णा बी.ए. तृतीय वर्ष ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार को अन्तर्विश्वविद्यालय बास्केट बाल (महिला) चैम्पियनशीप में प्रतिनिधित्व किया।
- दीपिका बी.ए. तृतीय वर्ष ने राष्ट्रीय कुश्ती (महिला) चैम्पियनशीप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया।
- अजय बी.ए. तृतीय वर्ष, साहिल बी.ए. तृतीय वर्ष, प्रदीप बी.ए. तृतीय वर्ष और अभिषेक ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार का अन्तर्विश्वविद्यालय पुरूष फुटबाल चैम्पियनशीप में प्रतिनिधित्व किया।
- ज्योति बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार का अखिल भारतीय कराटे (महिला) चैम्पियनशीप में प्रतिनिधित्व किया।

## ❖ एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी विंग

- दिनांक 13 सितम्बर को थ्री हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा सत्र 2022–23 के लिए नए 16 छात्राओं का चयन किया गया, जिसमें लिखित व शारीरिक परीक्षा हुई।
- दिनांक 15 अगस्त को 12 Cadets ने District Level Parade में भाग लिया।
- दिनांक 31 अक्टूबर को कैप्टन डॉ. स्नेह लता के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता दिवस मनाया गया। जिसमें 44 कैड्टेस ने भाग लिया।
- दिनांक 26 जनवरी 2023 को 8 कैड्टेस ने Distirct Level Parade में भाग लिया। जिनको थ्री हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा चयनित कैड्टेस ने Parade में भाग लिया। 30 Cadets ने महाविद्यालय में गणतन्त्र दिवस मनाया व तिरंगे को सलामी दी।
- दिनांक 14 फरवरी 2023 को एन.सी.सी. आर्मी विंग गर्ल्स के कैडेट्स, ए.एन.ओ. कैप्टन स्नेह लता व ले. एन.एस. तोमर, प्राचार्या व स्टाफ सदस्यों द्वारा 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।
- दिनांक 14 अक्टूबर से 21 अक्टूबर CATC-190 कृष्णा देवी गुरूकुल अन्तर्राष्ट्रीय स्कूल, उकलाना में 21 cadets ने भाग लिया।
- दिनांक 7 दिसम्बर 2022 को Army Flag Day कैप्टन डॉ. स्नेह लता के नेतृत्व में मनाया गया। जिसमें Flag वितरित किए गए। इसमें लगभग 40 cadets ने भाग लिया।
- SUO सोनिया को Appreciation Certificate थ्री हरियाणा गर्ल्स बटालियन की Best Cadet का Certificate दिनांक 13 अगस्त 2022–23 को दिया गया जो Commanding officer COL D.S. Malik द्वारा दिया गया।
- सत्र 2022–23 SUO सोनिया को Group Commander Rohtak ने Youth Exchange Programme के लिए चुना गया जो 2022–23 में होना था।
- दिनांक 14 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक कृष्णा देवी गुरूकुल अन्तर्राष्ट्रीय स्कूल, उकलाना में थ्री हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा कैंप आयोजित किया गया, इसमें लगभग 450 कैड्टेस ने भाग लिया और इसमें राजकीय महाविद्यालय की SUO अंजली Camp Senior रही, इससे पहले St. Joseph School में सत्र 2022–23 थ्री हरियाणा गर्ल्स बटालियन की द्वारा Camp आयोजित किया गया, इसमें भी SUO अंजली Camp Senior रही।
- दिनांक 12 अगस्त को "हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा" की रैली राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित की गई, जिसमें 50 कैड्रेस ने भाग लिया। यह रैली एन.सी.सी. तीनों विंग व एन.एस.एस. के द्वारा निकाली गई। जिसका नेतृत्व कैप्टन डॉ. स्नेह लता, ले. एन.एस. तोमर, Flying officer गोविल जिन्दल, NSS Officer डॉ. अशोक , डॉ. राजेश पूनिया, डॉ. सरोज, डॉ. सुमन ने किया। प्राचार्या, डॉ. दीपमाला ने हरी झण्डी दिखा कर रैली को बढ़ावा दिया।
- दिनांक 13 अगस्त को थ्री हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा आजादी का महोत्सव महाविद्यालय में मनाया गया जिसमें "हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा" के लिए झण्डे वितरित किए गए। सभी कैड्रेस को सूबेदार राजेश ने "घर–घर तिरंगा" लगाने का संदेश दिया और महाविद्यालय में पौधारोपण किया। इसमें

प्राचार्या, डॉ. दीपमाला, उपप्राचार्या डॉ. सरोज बिश्नोई, डॉ. निर्मल बुरा व कैप्टन डॉ. स्नेह लता के नेतृत्व में ये प्रोगाम करवाया गया और सभी कैड्ेस ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## ❖ एन.सी.सी. एयर विंग

एनसीसी का आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' है। अपने आदर्श वाक्य पर खरा उतरने के लिए, एन.सी.सी. देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवाओं को एक साथ लाने और उन्हें राष्ट्र के एकजुट, धर्मनिरपेक्ष और अनुशासित नागरिक के रूप में ढालने का प्रयास करती है। सत्र 2022–2023 का प्रारंभ प्रथम वर्ष के कैडेटों की नामांकन प्रक्रिया द्वारा शुरू किया गया था, जिसमें अक्टूबर, 2022 में 22 कैडेटों (14SD + 08SW) का चयन किया गया था। कैडेटों ने नीचे दिए गए विभिन्न शिविरों में अपनी उपलब्धियों से इस महाविद्यालय की इकाई को गौरवान्वित किया।

- 24 कैडेटों ने 20.7.2022 को सी.सी.एस.एच.ए.यू., हिसार में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ, "धाकड़" जागरूकता अभियान में भाग लिया।
- ए.आर.ओ., आर्मी कैंट के तत्त्वावधान में मेजर अनुभव वर्मा द्वारा सेना भर्ती पर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन 28.7.2022 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में किया जाता है। इस आयोजन में हिसार के विभिन्न कॉलेजों के कुल 200–250 कैडेट्स ने हिस्सा लिया।
- 07 कैडेटों ने जोधपुर में दिनांक 24/9/22 से 5/10/22 तक ALVSC,2022 में भाग लिया।
- PVSC-1,2 और 3 में दिनांक 20/8/22 से 14/9/22 तक 10 कैडेटों ने भाग लिया।
- कैडेट पवन ने बिहार में ई.बी.एस.बी. में भाग लिया।
- 28 कैडेटों ने SKPPS भिवानी में दिनांक 29/08/2022 से 05/09/2022 तक CATC-188 SD/SW में भाग लिया और कैंप की ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी हासिल की।
- एन.सी.सी. विशेष प्रवेश योजना के माध्यम से ओ.टी.ए., चेन्नई में ऑफिसर रैंक पर कैडेट विनय का चयन लेफ्टिनेंट के रूप में शॉर्टलिस्ट किया गया।
- स्वतंत्रता दिवस–2022 पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के दौरान 35 कैडेटों ने रैली, पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया।

## ❖ एन.सी.सी. आर्मी विंग ब्वायज

- दिनांक 08 जुलाई 2022 को महाविद्यालय के सत्र का शुभारम्भ लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करने के लिए एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा लगभग 1000 पौधों को हिसार वासियों, छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों को वितरित किया। यह कार्यक्रम थ्री हरियाणा बटालियन, सी.सी.एस., एच.ए.यू., हिसार के तत्त्वाधान में आयोजित किया गया।
- दिनांक 14 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ए.एन.ओ., ले. एन.एस. तोमर एवं एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई एवं प्राचार्या, डॉ. दीपमाला लोहान के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया।
- महाविद्यालय के एन.सी.सी. आर्मी विंग ब्वायज के तृतीय वर्ष के दो कैडेट्स हरीश (सीनियर अंडर ऑफिसर) व शिव कुमार (अण्डर ऑफिसर) Advanced Leadership Camp III (COC)- लुधियाना, मालोट के लिए चयनित हुए। इन कैडेट्स ने दिनांक 7 सितम्बर से 18 सितम्बर 2022 तक उक्त कैम्प में प्रतिभागी रहते हुए सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
- आर्मी विंग ब्वायज के 5 कैडेट्स एवं ए.एन.ओ. ले. एन.एस. तोमर Army Attachment Campy (16th to 30th Sept 2022) श्री गंगानगर, राजस्थान के लिए चयनित हुए एवं इस कैम्प में सफलतापूर्वक प्रतिभागिता की।

- नवम्बर माह 2022 में 40 विद्यार्थियों को एन.सी.सी. प्रथम वर्ष में Enrollment किया गया।
- दिनांक 7 नवम्बर से 14 नवम्बर तक एन.सी.सी. आर्मी विंग के 41 कैडेट्स (द्वितीय व तृतीय वर्ष) ने ATC-199 में प्रतिभागिता करते हुए सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
- दिनांक 27 नवम्बर 2022 को एन.सी.सी. की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 2.5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 50 एन.सी.सी. के कैडेट्स ने प्रतिभागिता की।
- इस वर्ष फरवरी माह में एन.सी.सी. 'B' व 'C' सर्टिफिकेट की परीक्षाओं में क्रमशः 29 व 22 एन.सी.सी. कैडेट्स सम्मिलित हुए। (फरवरी 2023)
- दिनांक 14 फरवरी 2023 को एन.सी.सी. आर्मी विंग ब्वायज के कैडेट्स, ए.एन.ओ., प्राचार्या व स्टाफ सदस्यों द्वारा 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।
- दिनांक 1 मार्च 2023 को थ्री हरियाणा बटालियन, सी.सी.एस., एच.ए.यू. हिसार के तत्त्वाधान में महारानी लक्ष्मीबाई चौक हिसार पर Statue Cleaning Activity की गई। इस गतिविधि में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा शहीदों के स्मारक इत्यादि की साफ–सफाई की जाती है। देशप्रेम व देश के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करना इसका मुख्य उद्धेश्य होता है।

## ❖ राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस

- राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे औपचारिक रूप से 24 सितंबर, 1969 को शुरू किया गया। राजकीय महाविद्यालय, हिसार की राष्ट्रीय सेवा योजना में 4 यूनिट हैं जिसमें 600 से अधिक स्वयंसेवक व 4 कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार, श्री राजेश पुनिया, डॉ कुमारी सरोज व श्रीमती सुमन रानी है।
- हमारे महाविद्यालय की एन. एस. एस. ईकाई बहुत सक्रिय है। स्वयंसेवकों ने राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर बहुत उपलब्धियाँ प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।
- पिछले 4 वर्षों से लगातार महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवक दिल्ली में आरडी परेड में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं । हमारे महाविद्यालय से 9 स्वयंसेवक राज्य सत्र के लिए चयनित हुए जिसमें से रितु का PRE R-D सत्र पर चयन हुआ ।
- हमारे महाविद्यालय में 2022– 23 में कुल 8 स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमें स्वयंसेवक कनिष्का ने सुल्तानपुर, रूपाली ने भिवानी, आस्था ने रोहतक, रजत, चंचल, आस्था व रूमानशी ने बर्धमान तथा विपुल कुमार ने बिलासपुर में भाग लिया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हमारे महाविद्यालय व पटेल नगर बस्ती में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया इस शिविर के माध्यम से एन.एस.एस. स्वयं सेवकों ने अपनी भूमिका निभाते हुए समाज को अलग–अलग विषय पर अलग–अलग तरीकों से जागरूक किया। इस अवसर पर हरियाणा के रीजनल डायरेक्टर, श्री मनोज कुमार, रीजनल डायरेक्टर, श्री देशराज, हरियाणा राज्य एन.एस.एस. ऑफिसर श्री दिनेश कुमार, रीजनल डायरेक्टर श्री जैन जीलॉन्ग पधारे ।
- State Level Youth Red Cross Training Camp for Girls में महाविद्यालय की 9 स्वयंसेविकाओं ने 1 नवंबर से 7 नवंबर 2022 तक वृंदावन में आयोजित शिविर में भाग लिया।
- State Level Youth Red Cross Training Camp for Boys में महाविद्यालय के 7 स्वयंसेवकों ने 24 से 30 जनवरी तक हरिद्वार में आयोजित शिविर में भाग लिया ।
- महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने ASER 2022 के Educational Survey के तहत गांव–गांव जाकर निरीक्षण किया ।
- महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान का कार्य भी किया। वृद्धाश्रम में तथा अनाथ आश्रम में जाकर उनसे बातचीत की व उनकी सेवा की ।

- महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा समय–समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसमें 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया ।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, साइबर अपराध, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता, फसल अवशेष प्रबंधन आदि जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए।
- एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. डे, योग डे, एड्स डे, एनवायरमेंट डे, वूमंस डे, कैंसर डे, इंडियन आर्मी डे, अर्थ डे आदि मनाए गये जिनमें स्वयंसेवकों ने अपना पूर्णतया योगदान दिया।
- एन.एस.एस. इकाई द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे भाषण, रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, डेक्लामेशन तथा वॉल पेंटिंग आदि का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय मे क्लीन इंडिया 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय, पटेल नगर बस्ती, फव्वारा चौक, लक्ष्मीबाई चौक आदि स्थान पर श्रमदान किया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय तथा आस पास की जगहों पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया जिसमें 600 से अधिक पौधे लगाए गए।

### ❖ महिला प्रकोष्ठ

- दिनांक 28.09.2022 को महिलाओं से संबंधित समस्यों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. मीनाक्षी ग्रेवाल ने महिलाओं की मासिक धर्म, ओवेरियन एंड सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर के बारे में छात्राओं को जागरूक किया।
- दिनांक 29.09.2022 को 'महिलाओं के कानूनी अधिकारों' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिला प्रोटेक्शन अधिकारी श्रीमती बबीता चौधरी ने छात्राओं को सुरक्षित रहने से लेकर आर्थिक और सामाजिक तौर पर ज्यादा मजबूत बनाने के लिए उन्हें अधिकारों से अवगत करवाया।
- दिनांक 12.10.2022 को मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 50 से ज्यादा छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 14.10.2022 को महात्मा गांधी स्वास्थ्य संस्थान के साथ मिलकर छात्राओं के लिये तथा सभी स्टाफ सदस्यों के लिए हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 416 छात्राओं ने स्वास्थ्य जांच करवाई।
- दिनांक 7.11.2022 से 14.11.2022 तक सात दिनों के 'आत्म रक्षा शिविर' का आयोजन करवाया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।
- दिनांक 1 दिसंबर 2022 को छात्राओं को धर्मनगरी कुरूक्षेत्र में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का एक दिवसीय भ्रमण करवाया गया।
- दिनांक 6 फरवरी से 8 फरवरी 2023 को दो दिवसीय 'बैकिंग कार्यशाला' का आयोजन करवाया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।
- दिनांक 3 मार्च 2023 को 'सामूहिक चर्चा' तथा स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया जिसमें एकता बी.ए. तृतीय वर्ष व अंजना बी.एस.सी ऑनर्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### ❖ विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ :–

विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ के इंचार्ज श्री मामन सिंह हैं। इसके अन्तर्गत दिनांक 31.01.2023 को महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिला स्तर पर दिनांक 06.02.2023 को प्रकोष्ठ द्वारा विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिसमें जिले के 11 महाविद्यालयों के 107 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### ❖ विज्ञान प्रदर्शनी :–

- 9 दिसम्बर, 2022 को राजकीय नेशनल कॉलेज, सिरसा में आयोजित अंतरजिला विज्ञान प्रदर्शनी में महाविद्यालय से 7 विषयों के मॉडल प्रदर्शित किए गए। इनमें से तीन विषयों, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान और भूगोल के मॉडल प्रथम रहे और राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चुने गए।

- 21–22 फरवरी को चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भूगोल का मॉडल प्रथम रहा। भूगोल विषय की छात्रा सर्वश्रेष्ठ एक्सप्लेनेटर चुनी गई और जीव विज्ञान का मॉडल तृतीय रहा। हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि ओवरऑल ट्रॉफी राजकीय महाविद्यालय, हिसार ने जीती।

## ❖ सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ के इन्चार्ज डॉ. रमेश कुमार हैं। प्रकोष्ठ को वर्ष 2022–23 में 57900 की अनुदान राशि प्राप्त हुई जिसके अंतर्गत "अंग दान, रक्त दान और सड़क सुरक्षा साधनों की महत्ता" विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करवाया गया। विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा पर सर्वे करवाया गया एवं रैली का आयोजन किया गया।

## ❖ प्लेसमेंट सैल

- कॉलेज के प्लेसमेंट सेल ने 14 अक्टूबर 2022 को दैनिक जागरण और जिलेट कंपनी के सहयोग से पुरुष छात्रों की ग्रूमिंग और करियर प्लानिंग के लिए कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।
- कॉलेज के प्लेसमेंट सेल ने 4 नवंबर 2022 को डॉ जीतेंद्र कुमार, ब्रेन साइंटिस्ट जी.जे.यू. हिसार द्वारा व्यावसायिक विकास के लिए मानसिक क्षमताओं में वृद्धि पर एक व्याख्यान का आयोजन किया।
- छात्रों में उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा 19 अक्टूबर 2022 को आगाज़ उत्सव का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा होम डेकोर, कपड़े, भोजन, खेल आदि के 20 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे।
- प्लेसमेंट सेल द्वारा 12 नवंबर 2022 को भारतीय शिक्षा प्रणाली की ताकत और कमी विषय पर छात्रों के लिए ओपन हाउस डिबेट का आयोजन किया गया।
- दिनांक 21 नबम्वर 2022 को प्लेसमेंट द्वारा आई.सी.आई.सी. बैक के तत्त्वाधान में आर.बी.आई. द्वारा चलाई गई नैशन वाइड इंटेनसिव अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 वरिष्ठ नागरिकों, 20 प्राध्यापकों एवं 200 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इस कार्यक्रम में बैकिंग से सम्बन्धित ग्राहक के अधिकार, शिकायत करने एवं निवारण प्रणाली तथा सुरक्षित बैकिंग प्रथाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।
- कॉलेज के प्लेसमेंट सेल ने 28 नवंबर से 29 नवंबर 2022 तक डॉ. जीतेंद्र कुमार, ब्रेन साइंटिस्ट एंड माइंडसेट इंजीनियर ऑन कॉन्संट्रेशन एंड मेमोरी रिटेंशन– ए प्रैक्टिकल अप्रोच पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। प्रतिभागियों ने अपने दाहिने मस्तिष्क की शक्ति और स्मृति प्रतिधारण को बढ़ाने के लिए कुछ तकनीकों और एकाग्रता में सुधार के लिए कुछ मस्तिष्क संतुलन क्रियाओं का अभ्यास किया।
- 6 दिसंबर, 2022 को कॉलेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा स्नातक पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए कैरियर परामर्श कार्यक्रम पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की मेजबानी आई.सी.ए.आई. (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया) के एन.आई.आर.सी. द्वारा की गई थी। इस कार्यक्रम में वक्ता सी.ए. श्रुति सुनेजा थीं।
- कॉलेज के प्लेसमेंट सेल ने 8 दिसंबर 2022 को योगेश्वर कुमार यादव, उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, रोजगार महानिदेशालय, मंत्रालय द्वारा कैरियर टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया।
- श्रम एवं रोजगार, भारत सरकार जिसमें छात्रों को करियर के विभिन्न अवसरों और सुविधाओं जैसे विषय विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग, रोजगार के विभिन्न अवसरों के लिए देश के कोने–कोने में लगने वाले रोजगार मेलों की जानकारी, निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि की जानकारी दी गई। रोजगार महानिदेशालय के राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर उपलब्ध है।

- ➢ दिनांक 07 फरवरी से 14 फरवरी 2023 के दौरान प्लेसमेंट सैल के तत्त्वाधान में एच.डी.एफ.सी. लाइफ द्वारा भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की एवं फाईनल राउड के बाद महाविद्यालय के 5 विद्यार्थियों को एच.डी.एफ.सी. लाइफ द्वारा चयनित किया गया।
- ➢ दिनांक 21 मार्च से 24 मार्च 2023 के दौरान प्लेसमेंट सैल द्वारा Financial Literacy and money management program (An Awarness program for students by SEBI, Govt. of India) का आयोजन ऑनलाईन मोड में करवाया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 550 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर उपरोक्त विषय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

## ➢ शिक्षा के साथ रोजगारः–

शिक्षा के साथ रोजगारः इस योजना के तहत एक लाख की राशि प्राप्त हुई। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ने के साथ कमाने का मौका देना एवं उनमें उद्यम की भावना को जगाना है। सन् 2022–23 में 43 मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से चुना गया एवं उन्हें विभिन्न प्रकोष्ठों, कार्यशालाओं एवं पुस्तकालय में लगाया गया।

## ❖ छात्रवृति :–

यह महाविद्यालय केन्द्र, राज्य, संस्थानों व व्यक्ति विशेष द्वारा संचालित कुल 19 छात्रवृत्तियाँ व स्मृति पुरस्कार प्रदान करता है। वर्ष 2021–22 में इन छात्रवृतियों/पुरस्कारों द्वारा कुल 2 करोड़ 55 लाख की राशि विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों में वितरित की गई तथा यह राशि DBT के माध्यम से सीधे विद्यार्थियों के खातों में डाली गई। केन्द्र द्वारा संचालित NSP छात्रवृति के तहत सभी वर्गों व संकायों के 857 विद्यार्थियों को वर्ष 2021–22 के तहत 89 लाख 70 हजार राशि प्रदान की गई। विज्ञान संकाय के कुल 38 विद्यार्थियों को POSE व INSPIRE छात्रवृति के तहत 12 लाख 86 हजार रूपये राशि प्रदान की गई। अनुसूचित जाति के 916 विद्यार्थियों को पुस्तकों व छात्रवृति के रूप में 1 करोड़ 30 लाख 76 हजार रूपये प्रदान किये गये। पिछड़े वर्ग के कुल 681 विद्यार्थियों को इसी सत्र के दौरान 13 लाख 88 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य छात्रवृतियों जैसे इंदिरा गांधी Single Girl Child, शारीरिक रूप से विंकलाग, भूतपूर्व सैनिकों व स्वतंत्रता सेनानियों के पौत्र व पौत्रियों, सभी वर्ग की छात्राओं, अल्पसंख्यक वर्ग दिहाडी मजदूरी करने वाले के बच्चों, University Rank Holder, Merit Scholarship for UG/PG के तहत कुल 80 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई। पूर्व छात्र संगठन भी हर साल लगभग 15 गरीब विद्यार्थियों को 5000 रूपये प्रति छात्र की छात्रवृति प्रदान करता है। इसके अलावा हमारी पूर्व छात्रा आभा सिंह की स्मृति में हर वर्ष उनके पिता श्री डी.पी. सिंह सेवानिवृत प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर भौतिक विज्ञान व एम.ए. अंग्रेजी की प्रथम स्थान प्राप्त छात्राओं को 2700 रूपये का नगद पुरस्कार प्रदान करते हैं। हमारी पूर्व प्राध्यापिका, श्रीमती कौशल यादव की स्मृति में भी उनके पति श्री ए.एस. यादव भी एम.ए. अर्थशास्त्र, बी.ए. आनर्स अर्थशास्त्र व बी.ए. अर्थशास्त्र के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः दस हजार, पांच हजार व पांच हजार रूपये की नगद राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान करते हैं।

## ❖ सरकारी ग्रान्ट

इस सत्र में प्रयोगशालाओं के सुधार हेतु 2,16,000 की, पुस्तकालय हेतु तीन लाख की, भ्रमण हेतु 80,000, सड़क सुरक्षा पर सेमिनार हेतु 57,900, गणित में सेमिनार हेतु 50,000 व विभाग प्रदर्शनी हेतु 22,000 रूपये की राशि प्राप्त हुई।

## ■ विभागीय एवं परिषदीय गतिविधियाँ

### ❖ अर्थशास्त्र विभाग की विषय समिति की कार्यविधियाँ

- दिनांक 13.02.2023 को अर्थशास्त्र विभाग की विषय समिति (Planning Forum) द्वारा केन्द्रीय बजट 2022–23 पर एक सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें अर्थशास्त्र विभाग के स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- दिनांक 22.02.2023 को हरियाणा की अर्थव्यवस्था पर एक विस्तार भाषण का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. एन.के. बिश्नोई विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या, डॉ. दीपमाला लोहान द्वारा की गई।
- दिनांक 03.03.2023 को हरियाणा बजट 2022–23 विषय पर एक सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ❖ विज्ञान परिषद्

- जिला स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता महाविद्यालय में 18 नवम्बर को आयोजित हुई, जिसमें 10 महाविद्यालयों से 69 विद्यार्थियों ने भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ चुने गए 10 विद्यार्थियों में 2 विद्यार्थी हमारे महाविद्यालय से चुने गए जिन्होंने राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया।
- जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 28 अक्तूबर 2022 को 11 महाविद्यालयों की 19 टीमों ने हिस्सा लिया और सर्वश्रेष्ठ चुनी गई 8 टीमों में राजकीय महाविद्यालय, हिसार की दोनों टीमें चुनी गई। जिन्होंने 3 दिसंबर 2022 को हमारे महाविद्यालय में आयोजित 'जोनल विज्ञान प्रश्नोत्तरी' प्रतियोगिता में भाग लिया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सर्वश्रेष्ठ 3 टीमें चुनी गई। जिसमें राजकीय महाविद्यालय, हिसार की टीम (रोहन, मंजू और साहिल) ने जीत प्राप्त की। यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।
- महाविद्यालय में 1 मार्च, 2023 को एक्सटेंशन लैक्चर में जी.जे.यू. हिसार से नैनोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर, डॉ नीरज दिलबागी ने नैनोटेक्नोलॉजी का दैनिक जीवन में महत्त्व विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

### ❖ राजनीति शास्त्र विभाग परिषद्

इस परिषद की प्रभारी शीला देवी है।

- 28 नवम्बर 2022 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 10 दिसम्बर 2022 को मानवाधिकार दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 13 अप्रैल 2023 को डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यांकित रिसर्च जर्नल "चिंतन" के अंक–46, जनवरी–मार्च–2023 में 'महिला सशक्तिकरण में मनरेगा की भूमिका' शोध पत्र प्रकाशित हुआ है।
- विभाग की छात्राओं मोनिका, सुषमा, कोमल की टीम ने राजकीय महाविद्यालय, हिसार की लीगल सैल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियागिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 22 फरवरी 2023 को दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियागिता में विभाग की छात्राओं कोमल, मोनिका, सुषमा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## ❖ हिन्दी विभाग

- हिंदी विभाग की ओर से हिंदी साहित्य परिषद ने 9 सितंबर 2022 को 'भारतेन्दु दिवस' मनाया।
- 14 सितंबर 2022 को हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 16 नवंबर 2022 को हिंदी साहित्य परिषद ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।
- 16 जनवरी 2023 को सड़क सुरक्षा, रक्तदान एवं अंगदान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 17 जनवरी 2023 को भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 25 जनवरी 2023 को जिला स्तर पर मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 7 फरवरी 2023 को हिंदी विभाग की ओर से 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## ❖ वाणिज्य विभाग

- श्री राजकुमार संचालंक ज्ञानसागर यू.जी.सी. नेट क्लासिस द्वारा दिनांक 21.11.2022 को "एम.काम. में पढाई के साथ यू.जी.सी. नेट जे. आर. एफ. कैसे पास करें" विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया।
- दिनांक 02.03.2022 को तनाव प्रबन्धन पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मानसी, बी.कॉम, प्रथम (12204310031841), दीक्षा, बी.कॉम, तृतीय ऑनर्स ने द्वितीय (120043076040) व प्रियंका, बी.कॉम, द्वितीय ने तृतीय (121043003108) स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 06.04.2023 जिला स्तरीय अर्न्तमहाविद्यालय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता राजकीय कन्या महाविद्यालय, हिसार में हुई जिसमें स्नेहा बी.कॉम द्वितीय ऑनर्स (1210431076017) ने प्रथम स्थान, प्राजंल बी.कॉम द्वितीय ऑनर्स (1210431076039) ने द्वितीय स्थान व ललिता बी.कॉम द्वितीय ऑनर्स (1210431076030) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## ❖ संगीत विभाग

- दिनांक 14 अगस्त 2022 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में संगीत विभाग के विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा देश–भक्ति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें विद्यार्थियों ने गायन तथा वादन के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' के उपलक्ष्य में संगीत विभाग में दिनांक 12.10. 2022 को Audition लिया गया। जिसमें चयनीत विद्यार्थियों ने दिनांक 15.10.2022 को अपनी प्रतिभा का मंच पर प्रदर्शन किया। जिसमें लोक गायन तथा सुगम संगीत का प्रदर्शन किया गया। जिसमें सुगम संगीत में सोनू बी.एस.सी तृतीय वर्ष, रवि बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा प्रतिभा बी.ए. तृतीय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक संगीत में सागर बी.ए. तृतीय वर्ष, सिमरन बी.ए. तृतीय वर्ष तथा बंटी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 29.11.2022 से 02.12.2022 तक 'यूनिवर्सिटी यूथ फैस्टिवल' में संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा, इंडियन ऑर्केस्ट्रा, क्लासिकल इंस्टूमेंट सोलो तथा Western Group Song में प्रथम स्थान प्राप्त किया। Classical Instrumental Solo (Tabla), Qwaali, Hindi Group Song तथा Western Instrumental Solo में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- Haryanvi Orchestra, Group Song Western तथा Classical Instrumental नॉन प्रकशन के विद्यार्थियों ने Inter Zone (Ambala) जाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

- दिनांक 01.12.2022 से 04.12.2022 तक संगीत विभाग के विभिन्न विद्यार्थियों ने गीता महोत्सव 2022 में हिसार, फतेहाबाद तथा सिरसा जाकर विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।
- दिनांक 20.02.2023 को एक दिवसीय सेमिनार जोकि राजकीय महाविद्यालय, हिसार में सपंन्न हुआ। उसमें संगीत के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अपनी प्रस्तुति दर्ज कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- दिनांक 04.03.2023 को एक दिवसीय सेमिनार (Road Safety) जोकि राजकीय महाविद्यालय, हिसार में संपन्न हुआ है। उसमें संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

## ❖ गृह विज्ञान विभाग

- दिनांक 10.11.2022 से दिनांक 12.11.2022 तक तीन दिवसीय पिडिलाइट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें श्रीमती मीतू सचदेवा ने विद्यार्थियों को सीमेंट के पॉट बनाना, पॉट की सज्जा करना एवं आंतरिक सज्जा की वस्तुएं बनाना सिखाया। इस कार्यशाला में गृह विज्ञान विभाग के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- दिनांक 19.10.2022 को महाविद्यालय में प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित "आगाज" में गृह विज्ञान के विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं निम्नलिखित स्टाल लगाएः– चाट स्टाल, चॉकलेट स्टाल, सजावटी दीपक, Tye and Dye Duppatta एवं चूड़ियों की स्टाल।
- दिनांक 19.12.2022 को CCS HAU द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में गृह विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं मेंहदी रचाओ प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 06.02.2023 से 08.02.2023 को गृह विज्ञान विभाग द्वारा तीन दिवसीय बेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. शशीकला यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के केक, कुकीज, नान खताई आदि बनाने सिखाए। इस कार्यशाला में गृह विज्ञान के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- दिनांक 13.02.2023 से 14.02.23 को गृह विज्ञान विभाग द्वारा खाद्य परीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ शशीकला यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के अचार, चटनी जैसे जैम, कैण्डी तथा स्कवैश बनाने सिखाए। इस कार्यशाला में 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## ❖ मनोविज्ञान विभाग

- राजकीय महाविद्यालय, हिसार में विश्व मेंटल हैल्थ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसका विषय मानसिक स्वास्थ्य था। इसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष की संजु, मोनिका और बी.ए. प्रथम वर्ष की अनीता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़–चढ़ कर भाग लिया।
- Extension Lecture on Mental Health awareness: राजकीय महाविद्यालय, हिसार में World Mental Health Day मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. मुग्धा, क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट ने मानसिक स्वास्थ्य की जागरूकता पर एक व्याख्यान दिया। डॉ. मुग्धा ने आज के समय के साथ मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित करवाया। प्राचार्या, डॉ. दीपमाला लोहान, मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष, डॉ. सुरेन्द्र बाजिया, विभाग के प्राध्यापक, डॉ. राधिका, डॉ. एकता, अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक, डॉ. मामन सिंह और जनसंचार विभाग से डॉ. मोनिका भी उपस्थित रहे।
- Extension Lecture on Personality and soft skills, By Dr. Sumita Chahal, Assistant Profesor : राजकीय महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग में Subject Society 'MANASVI' के अंतर्गत Extension Lecture का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सुमिता चहल, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान, राजकीय

महाविद्यालय, पंचकूला ने विद्यार्थियों से Personality and Soft Skills पर अपने विचार सांझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आप किस प्रकार अपनी Communication Skill and soft skill develop कर सकते हो? किस प्रकार अपनी Personality Traits को जान सकते हो? मनोविज्ञान में संभावित व्यावसायिक कौशल के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेन्द्र बाजिया, डॉ. राधिका व डॉ. एकता भी उपस्थित रहें।

- Extension Lecture on Psychology "A New Science of Human Behaviour": राजकीय महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग में Subject Socity MANASVI के अंतर्गत Extension Lecture का आयोजन किया। जिसमें Brain and Body Analysis Cenre से Dr. Suman Behmanim Pawan Kumar, Dr. Darshan और Lakshika को मुख्य अतिथि के रूप में आंमत्रित किया गया। जिसमें वक्ताओं ने विद्यार्थियों को How to develop soft skills, Relationship Management, How to deal with mild depressive patients, How to handle failure आदि मुद्दों के साथ–साथ Study related problems, psychosomatic problems पर विस्तार से चर्चा की तथा इन समस्याओं की गंभीरता से अवगत कराते हुए इनसे निपटने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. सुरेन्द्र बाजिया, डॉ. राधिका और डॉ. एकता ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष व एम.एस.सी. प्रथम के विद्यार्थी उपस्थित रहे।
- Extension Lecture on Research Melhodology By Dr. Ramesh Kumar: राजकीय महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग में Subject Society MANASVI द्वारा Extenstion Lecture का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. रमेश कुमार को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. रमेश कुमार ने Research Methodology पर अपने विचार विद्यार्थियों के साथ सांझा किये। डॉ. रमेश कुमार ने विद्यार्थियों को शोध पत्र लिखने के लिए किन–किन बातों का ध्यान रखा जाए, इनसे अवगत करवाया। विद्यार्थियों ने भी उक्त विषय पर अपनी शंकाओं को दूर किया और बड़े ही सतुंष्ट मन से विद्यार्थियों ने डॉ. रमेश कुमार का धन्यवाद किया। दो दिवसीय Lecture में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इसमें विभागाध्यक्ष, डॉ. सुरेन्द्र बाजिया, डॉ. राधिका व डॉ. एकता भी मौजूद रहे।

## ❖ संस्कृत विभाग

महाविद्यालय में विद्यमान संस्कृत विभाग में अनेकानेक प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ करवाई जाती हैं।

- दिनांक 15.12.2022 को प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 15.12.2022 को निबन्ध प्रतियोगिता समायोजित की गई।
- दिनांक 22.12.2022 को विस्तार व्याख्यान हुआ जिसमें वक्ता प्रो. जगदीश सिंह चहल, सेवा निवृत प्राचार्य, नलवा रहे।
- दिनांक 07.04.2023 को डॉ. राजवीर सिवाच, सह आचार्य, राजकीय महाविद्यालय, नलवा, हिसार में विस्तार व्याख्यान देने के लिए गए।
- नव वर्ष के अवसर पर 22 मार्च 2023 को महाविद्यालय में हवन का आयोजन किया गया।

## ❖ जनसंचार विभाग

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार** महाविद्यालय के मास कम्युनिकेशन विभाग ने हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर, विश्वविद्यालय में 4–5 फरवरी 2023 को आयोजित हरियाणा फिल्म फेस्टिवल में भाग लिया तथा लघु फिल्म प्रतियोगिता में विभाग द्वारा बनाई गई फिल्म "अपने" के नायक, मास कम्युनिकेशन विभाग के विद्यार्थी अजय वशिष्ठ को हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार से नवाजा गया तथा ट्रॉफी, प्रशस्ति

पत्र एवं 2100 रुपये का ईनाम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस फिल्म का निर्माण, निर्देशन एवं कहानी लेखन श्रीमती कुसुम, हेड एंड एसोसिएट प्रोफेसर, मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा किया गया था।

## ❖ भूगोल विभाग

भूगोल विभाग द्वारा सत्र 2022–23 में 18 मार्च 2023 को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें 337 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## ❖ गणित विभाग

- 20 फरवरी 2023 को Recent Developments in Mathematics विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। इसमें 205 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए एवं इसी विषय पर पुस्तक भी प्रकाशित की गई।
- दिनांक 10 दिसम्बर 2022 को डॉ. एम.के. शर्मा द्वारा विस्तार व्याख्यान दिया गया।

## ❖ व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

- डॉ. सुरेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी ने The English and Foreign Languages University Hyderabad से Phonetics & Linguistics में 'A' Grade से सर्टिफिकेट कोर्स किया। तीन शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुए तथा एक अध्याय Research Reflection पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- श्री राजेश पूनिया, एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर को कोविड–19 के दौरान किये गये कार्यों के लिए जिला प्रशासन ने 15 अगस्त 2022 को सम्मानित किया।
- श्री रमेश कुमार प्राध्यापक, गणित विभाग को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।
- फ्लाईंग ऑफिसर, श्री गोविल जिन्दल, एन.सी.सी. प्रभारी एयर विंग को शिक्षा मन्त्री कंवर पाल गुजर द्वारा संनातम धर्म महाविद्यालय, अंबाला में आयोजित 75वें एन.सी.सी. दिवस पर सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. अधिकारी अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- डॉ. अशोक कुमार, एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर को बेस्ट काउंसलर का अवॉर्ड, राज्यपाल हरियाणा सरकार द्वारा राजभवन चण्डीगढ में प्रदान किया गया।
- प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय, हिसार को भी इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।
- राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शीला देवी का शोध पत्र "मतदान व्यवहार हरियाणा राज्य के संदर्भ में विश्लेषण" विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त शोध पत्रिका 'शोध दिशा' (ISSN 0975-735K) में प्रकाशित हुआ एवं तीन राष्ट्रीय सेमिनारों में अलग–अलग विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए।
- विभाग के प्राध्यापक डॉ. आत्मा राम द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा आयोजित तीन राष्ट्रीय सेमिनारों में अलग–अलग विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।
- डॉ. सविता गौतम सहायक प्राध्यापक गणित ने तीन राष्ट्रीय सेमिनारों में भाग लिया व शोध पत्र प्रस्तुति दी।

## ❖ आभार ज्ञापनः–

पुरस्कार वितरण समारोह की इस पावन वेला पर इस सत्र में विशेष रूप से सक्रिय सहयोग के लिए सर्वप्रथम उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकुला, हरियांणा के निदेशक, श्री राजीव रतन जी एवं प्रमुख सचिव, श्री विजयेन्द्र कुमार जी का ह्रदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके कुशल मार्ग निर्देशन, सरंक्षण एवं योगदान से महाविद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में नये आयाम स्थापित किए हैं। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो के निरन्तर सहयोग के प्रति कृतज्ञ हूँ। मैं कॉलेज काउंसिल के सदस्यों एवं सभी सहयोगी प्राध्यापकवृन्द का भी हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। इस गरिमामयी आदर्श एवं उच्च कोटि के महाविद्यालय की शक्ति, इसका प्राध्यापकवृन्द एवं अन्य स्टाफ सदस्य हैं। सभी प्राध्यापक अत्यंत मेहनती, निष्ठावान एवं लग्नशील हैं। मेरे इन सहयोगियों ने शैक्षणिक स्तर को उन्नत करने, विद्यार्थियों को रचनात्मक कार्यों में प्रवृत करने तथा उन्हें सौपें गए कर्त्तव्यभार को निष्ठा से निभाया है। आज के समारोह में प्रस्तुत की गई इस वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने के लिए अंग्रेजी विभाग की डॉ. रूचि वाधवा, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. निर्मला देवी व सन्दीप कुमार, लिपिक की तत्परता का भी मैं आभार व्यक्त करती हूँ। वर्ष भर कार्यरत रहने वाली कमेटियों के संयोजकों व प्रभारी प्राध्यापकों का मैं पुनः हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करती हूँ।

मैं अपने प्रिय विद्यार्थियों का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होनें अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में नई ऊँचाईयों को छुआ तथा अनेक सराहनीय कीर्तिमान स्थापित कियें। पुस्तकालय, कार्यालय एवं प्रयोगशाला कर्मचारियों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ, इन्होंने अपना निर्धारित कर्त्तव्यभार के अलावा समय–समय पर आने वाले आकस्मिक कार्यों का सम्पादन बड़ी लग्न व निष्ठा से किया है। सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का भी मैं धन्यवाद व्यक्त करती हूँ जिन्होंने महाविद्यालय के भवन एवं परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाये रखने में अपना सहयोग दिया। मैं शहर एवं बाहर से आए हुए मेहमानों एवं पत्रकार बन्धुओं के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त करना अपना कर्तव्य समझती हूँ।

महोदय, अंत में मैं पुनः आज के इस समारोह में आपकी उपस्थिति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ कि आपने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से कुछ समय निकाल कर इस समारोह की शोभा बढ़ाई। इसके लिए मैं दिल से सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ।

**धन्यवाद**

17/4/23

Principal
Govt. College, Hisar